भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 715

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

धलाई में अभिघात केन्द्र

715. श्रीमती कृति देवी देबबर्मन:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का त्रिपुरा पूर्व के धलाई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अभिघात अस्पताल अथवा केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) और 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) के दौरान "ट्रामा और बर्न इंजरी की रोकथाम और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम" (एनपीपीएमटी और बीआई) के तहत देश भर के सरकारी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में 196 अभिघात परिचर्या सुविधा केंद्रों (टीसीएफ) को मंजूरी प्रदान की गई थी। 196 में से, 05 टीसीएफ त्रिपुरा के लिए मंजूर किए गए थे, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

(i) धर्म नगर, उप-मंडल अस्पताल
(ii) संतिरबाजार पीएचसी, मंडल अस्पताल
(iii) जिला अस्पताल, गोमती
(iv) अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज
(v) जिला अस्पताल, धलाई

******